हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–324 : जौनपुर, शनिवार 09 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## चार दशक बाद सत्ताधारी दल को मिलेगा विधान परिषद में प्रचंड बहुमत : सीएम योगी

गोरखपुर ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चार दशक बाद उत्तर प्रदेश विधान परिषद में सत्ताधारी दल को प्रचंड बहुमत मिलेगा। स्थानीय निकाय प्राधिकारी क्षेत्रों से विधान परिषद की 36 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 9 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। शेष 27 सीटों में भी अधिकांश पर भाजपा की ही जीत होगी। विधानसभा के साथ विधान परिषद में भी प्रचंड बहुमत होने से सरकार लोक कल्याण के कार्यक्रमों, महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलम्बन, युवाओं के रोजगार, अन्नदाता किसानों व श्रमिकों के हित में और भी बेहतर काम करने में सक्षम होगी। शनिवार सुबह गोरखपुर महाराजगंज स्थानीय निकाय प्राधिकारी क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य के चुनाव में बतौर गोरखपुर नगर विधायक मतदान करने के बाद मुख्यमंत्री मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र के नेतृत्व में 2017 की भांति 2022 में भी भाजपा ने दो तिहाई से अधिक सीटों पर जीत हासिल कर प्रचंड बहुमत की सरकार बनाई है। चार दशक बाद ऐसी स्थिति आएगी जब सत्ताधारी दल विधान परिषद में भी प्रचंड बहुमत हासिल करेगा। इस चुनाव में जो भी मतदाता हैं उनसे अपील है कि लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा प्रत्याशियों को अपना वोट दें। सीएम योगी ने कहा कि 2017 में विधान परिषद में कठिनाई का सामना करना पड़ता था। नकारात्मक भूमिका से समाजवादी पार्टी विकास व लोककल्याणकारी कार्यक्रमों को अवरुद्ध करती थी लेकिन इस चुनाव के बाद हमें विधान परिषद में भी प्रचंड बहुमत हासिल हो जाएगा और लोक कल्याणकारी कार्यक्रम व विकास के कार्य द्रुत गति से आगे बढ़ेंगे। नहीं उजाड़े जाएंगे गरीबों के आशियाने एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी लेकिन गरीबों के आशियाने नहीं उजाड़े जाएंगे। पहले पेशेवर माफिया व अपराधी सत्ता का संरक्षण प्राप्त कर सरकारी सार्वजनिक, गरीबों व व्यापारियों की जमीन




पर कब्जा करते थे। इसके खिलाफ एंटी भू माफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया। अब तक पेशेवर माफियाओं से 2500 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है किसी भी गरीब की झोपड़ी तब तक नहीं हटाएंगे जब तक उसे आवास न उपलब्ध करा दिया जाए। यदि भूमि आरक्षित श्रेणी की नहीं है तो गरीब को वहीं पट्टा दे दिया जाए। यदि आरक्षित श्रेणी की है तो उसे अन्यत्र आवास उपलब्ध कराया जाए। ऐसे ही स्ट्रीट वेंडर के सुव्यवस्थित पुनर्वास व स्वनिधि योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए हैं। एंटी भू माफिया की कार्रवाई पेशेवर माफिया के लिए है गरीबों के प्रति नहीं। गरीबों के प्रति संवेदना होनी चाहिए। सीएम ऑफिस का ट्विटर हैंडल हैक होने के सवाल पर सीएम ने कहा कि एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं। महाअष्टमी व रामनवमी की प्रदेश वासियों को दी बधाई पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं राज्यसभा सदस्य शिव प्रताप शुक्ला, गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला, महापौर सीताराम जायसवाल, गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह के साथ नगर निगम में बनाए गए बूथ पर मतदान करने के बाद सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र, महाअष्टमी व रामनवमी की बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कल रामनवमी की तिथि पर प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाने के लिए अयोध्या में विशेष समारोह होंगे। शासन ने संतों के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के विशेष निर्देश दिए हैं।

## एके–47 के शौकीन हैं पश्चिमी यूपी के सुपारी किलर : अब तक 15 हुई बरामद : खादी और खाकी का भी कनेक्शन


मेरठ ब्यूरो : एके–47 रखने का वेस्ट यूपी के 12 बदमाशों को बड़ा शौक है। ये बदमाश सुपारी लेकर शूटरों से खूनखराबा कराते हैं। जेल में बंद कई अपराधी अभी सक्रिय हैं, जिनके शूटर घटना को अंजाम दे रहे है। गिरफ्तारी के बाद जेल में सुविधा मुहैया कराने और केस लड़ने तक का शूटरों का खर्चा उनके आका ही उठ रहे हैं। पुलिस ने उन सभी अपराधियों की कुंडली खंगालनी शुरू कर दी है, जिनसे गिरफ्तारी के दौरान एके–47 बरामद हुई हैं। जेल में बंद अपराधियों से जानकारी ली जा रही है कि अब किस अपराधी के पास एके–47 है। जिला पुलिस के साथ एसटीएफ, एटीएस व एनआईए समेत कई सुरक्षा एजेंसी इसकी पड़ताल में लग गई हैं। खादी–खाकी का भी एके–47 से कनेक्शन एके–47 रखने वाले बदमाशों का खादी–खादी से भी कनेक्शन मिला है। हाल में शामली में पकड़े गए अनिल उर्फ पिंटू की पुलिस ने जांच की जिसमें पुलिस वालों व कई नेताओं के नाम सामने आए। कई नेताओं ने मेरठ में पकड़े गए अनिल बालियान व फिर शामली में अनिल उर्फ पिंटू की अफसरों से सिफारिश तक की। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है कि एके–47 रखने वाले बदमाशों के खाकी और खादी के कितने गहरे संबंध है। इन बदमाशों से पकड़ी जा चुकी है एके–47 पुलिस को खुफिया इनपुट मिला है कि नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, बुलंदशहर समेत वेस्ट यूपी के जिलों के 12 शातिर अपराधियों के पास एके–47 है। इनमें कई अपराधी जेल में बंद है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि जेल जाने से पहले योगेश भदौड़ा, सुशील मूंछ के शूटर पप्पू, महेंद्र फौजी, सतवीर समेत कई अपराधियों से एके–47 बरामद की गई थी। कई अपराधियों ने अपने करीबियों को एके–47 दी हुई है। सुपारी देकर



एके–47 से कराते हैं खूनखराबा शामली पुलिस ने तीन दिन पहले अनिल उर्फ पिंटू से एके–47 और 1300 कारतूस बरामद किये थे। अनिल पिंटू की दोस्ती अनिल बालियान निवासी सिसौली मुजफ्फरनगर से है। 11 मार्च को मेरठ में कृषि विश्वविद्यालय में अपनी प्रेमिका आरती भटेले को डीन बनाने के लिए वेटनरी कॉलेज के डीन डॉ. राजबीर सिंह पर कुख्यात उधम के शूटरों से हमला कराया था। एके–47 अनिल बालियान ने नोएडा के शातिर अपराधी संजीव उर्फ जीवा से खरीदी थी। एके–47 से ही डीन को मरवाने की प्लानिंग थी, लेकिन आखिरी समय में प्लान बदला। एके–47 व 1300 कारतूस मिलने की जांच शामली और मेरठ पुलिस भी जांच कर रही है। नोएडा, गाजियाबाद और बागपत में कई घटना एके–47 से हुई हैं। वेस्ट में पंजाब से आई एके–47 वेस्ट यूपी के बदमाशों को एके–47 रखने का शौक है। 10–12 साल पहले शातिर अपराधी पंजाब से यह हथियार लेकर आए थे। गिरफ्तारी के दौरान कई बदमाशों से यह हथियार बरामद होता रहा है। पुलिस तलाश रही कनेक्शन शामली में एके–47 और कारतूसों का जखीरा मिलने के बाद से पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। अनिल उर्फ पिंटू और अनिल बालियान के किस–किस से संबंध है, इसकी जांच हो रही है। अपराधियों के खिलाफ मेरठ जोन में अभियान चल रहा है। गैंगस्टर और गुंडा एक्ट की कार्रवाई की जा रही है।

## फंदे से लटका मिला भाजपा नेता के बेटे का शव, कागज पर लिखा मिला– ये सुसाइड नहीं मर्डर है

आगरा ब्यूरो : न्यू आगरा थाना क्षेत्र में बीटेक फोर्थ ईयर के छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। छात्र के पिता भाजपा के नेता है। जब बेटे की मौत की जानकारी हुई तो पूरे परिवार को होश उड़ गए। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। पुलिस के सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है कि 'मम्मी पापा माफ कर देना मुझे, ये सब और नहीं बर्दाश्त हो रहा'। नगला पदी के दुर्गानगर में रहने वाले अनूप तिवारी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हैं। उनके दो बेटे हैं। बड़े बेटे का नाम मृत्युंजय तिवारी है और छोटे बेटा धनंजय तिवारी है। धनंजय तिवारी आगरा के एक निजी कालेज में बीटेक का छात्र था। बताया गया है कि शनिवार सुबह देर तक जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं आया, तो परिजन कमरे के अंदर पहुंचे। कमरे का दृश्य देख परिजनों के होश उड़ गए। धनंजय का शव पंखे से लटका हुआ था। परिजनों की चीख पुकार मच गई, जिसे सुन आस पड़ोस के लोग मौके पर आ गए। सूचना पर थाना न्यू आगरा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को नीचे उतारा। धनंजय के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने आत्महत्या करने का कारण लिखा है। ये लिखा सुसाइड नोट में सुसाइड नोट में लिखा है कि 'सॉरी मम्मी पापा माफ कर देना मुझे। मैं जा रहा हूं आप सबको छोड़कर। अब बहुत हो गया। मुझसे ये सब और नहीं झिल रहा। मैं कितने कॉम्पलिकेशन्स के साथ



जी रहा हूं मैं जानता हूं। आई एम सॉरी। जो भी कुछ मेरी लाइफ में हुआ वो गोलू को, आदित्य को और (एक लड़की का नाम) को सब पता है। बस ये 3 लड़के हैं– मयंक शर्मा, संचित गुप्ता और एक मयंक का भाई। इन्हें देख लेना। बाकी शौर्य को इन्फॉर्म करके बुला लेना। बस एक रिक्वेस्ट है कि पोस्टमॉर्टम ना करवाना बाकी कुछ नहीं चाहिए। गोलू भाई मम्मी पापा का ख्याल रखना। और इन लड़कों को देख लेना। ये बचने नहीं चाहिए एट ऐनी कॉस्ट। ये सुसाइड नहीं काइंड ऑफ मर्डर है।

## एमएलसी चुनाव : जल्द ही अच्छे दिन आने वाले हैं, आपके सामने सबकुछ आ जाएगा– शिवपाल यादव

इटावा ब्यूरो : इटावा फर्रुखाबाद स्थानीय निकाय प्राधिकारी क्षेत्र से विधान परिषद चुनाव के लिए शनिवार सुबह से ही मतदान जारी है। निकाय प्रतिनिधियों ने अपने–अपने बूथों पर जाकर मतदान किया। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और जसवंतनगर से विधायक शिवपाल सिंह यादव ने सैफई में मतदान किया। मतदान करने के बाद शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि जल्द ही अच्छे दिन आने वाले हैं। उन्होंने मतदान किन मुद्दों पर किया है, इस पर शिवपाल ने कहा कि मतदान तो गुप्त होता है। बता दें कि देश के पूर्व रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के भाई शिवपाल सिंह यादव की समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से बहुत दिनों से अनबन चल रही है। शिवपाल सिंह यादव समाजवादी पार्टी की विधायक दल की बैठक में न बुलाये जाने से नाराज चल रहे हैं। हालांकि उन्हें सहयोगी दलों की बैठक में बुलाया गया था, लेकिन उसमें वे नहीं गए थे। इसके चलते उनके भाजपा में जाने की चर्चा बड़े जोरों से उठ रहीं थी। तब होती है घर में महाभारत शिवपाल सिंह यादव ने इटावा के ताखा ब्लाक में एक गांव में चल रही भागवत में कहा था, कि जब व्यक्ति अपने और पराये की पहचान भूल जाता है तब घर में महाभारत होती है। हालांकि बाद में शिवपाल सिंह यादव मीडिया से बचते रहे। शनिवार को एमएलसी चुनाव



में सैफई में मतदान के बाद उन्होंने पत्रकारों से बहुत संक्षिप्त बात की। उन्होंने कहा कि जल्द अच्छे दिन आने वाले हैं। उन्होंने भाजपा में जाने के सवाल पर कहा कि जो भी होगा, सभी को सूचना दी जाएगी। उन्होंने मतदान किन मुद्दों पर किया है, इस पर उन्होंने कहा कि मतदान गुप्त होता है, और हमने मतदान किया है। गौरतलब है कि इटावा फर्रुखाबाद सीट से भाजपा से प्रांशुदत्त द्विवेदी और समाजवादी पार्टी से हरीश यादव चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर काफी कड़ी टक्कर बताई जा रही है। इस सीट पर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की प्रतिष्ठा भी जुड़ी हुई है। उन्होंने स्वयं यहां पर चुनाव प्रचार किया है।

## योगी सरकार का पहला बड़ा सुधार : सेवा के दौरान मृत्यु पर कर्मचारी के अंशदान का फंड अब परिवार को

लखनऊ ब्यूरो : यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान बड़ा मुद्दा बनी नई पेंशन योजना (एनपीएस) में योगी सरकार ने पहला बड़ा सुधार किया है। सत्ता में वापसी के एक महीने के भीतर ही सरकार ने तय कर दिया है कि यदि कर्मचारी की सेवा के दौरान ही मृत्यु होती है तो उसके अंशदान से बने फंड की पूरी राशि परिवार को वापस कर दी जाएगी। यह आदेश एनपीएस से जुड़े कर्मियों के लिए बड़ी राहत देने वाली है। विशेष सचिव वित्त नील रतन कुमार ने एनपीएस में इस अहम बदलाव संबंधी शासनादेश जारी कर दिया है। उन्होंने कहा है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नई व्यवस्था को लागू करने के लिए वित्त विभाग के 19 मई 2016 के शासनादेश में संशोधन किया है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के दौरान एनपीएस की विसंगतियां बड़ा मुद्दा बनी थीं। कर्मचारियों ने तो इसे खत्म कर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग बुलंद की थी। सपा ने पुरानी पेंशन बहाल करने का वादा तक कर दिया था। इसका असर ये हुआ कि कर्मचारियों के बड़े तबके ने अपनी मांग के समर्थन में सत्ताधारी दल के खिलाफ चुनाव में मतदान किया, जिसकी झलक बैलेट वोट में सामने आई थी। फैसले को ऐसे समझें: एनपीएस में 10 फीसदी अंशदान करता है कर्मचारी एनपीएस के अंतर्गत कर्मचारी का एक प्रान खाता खोला जाता है। इसमें कर्मचारी अपने मूल वेतन व महंगाई भत्ते का 10 प्रतिशत तथा सरकार 14 प्रतिशत का अंशदान करती है। इस 24 प्रतिशत अंशदान से कार्मिक का पेंशन फंड बनता है।– अब तक व्यवस्था थी कि सेवाकाल में यदि कार्मिक की मृत्यु होती है तो सरकार प्रान खाते में जमा पूरा फंड राजकोष में जमा कर लेगी। फिर तय नियमों के अनुसार नामिनी को पारिवारिक पेंशन की सुविधा दी जाएगी। – अब सरकार ने तय किया है कि कार्मिक के संचित पेंशन फंड में से सरकार के अंशदान और उस पर बने प्रतिलाभ को ही सरकारी खजाने में अंतरित किया जाएगा। बाकी कर्मचारी के अंशदान से संचित पेंशन कार्पस की पूरी राशि प्रतिलाभ सहित नामिनी को लौटा दी जाएगी। यदि किसी को नामिनी नामित नहीं किया है तो यह रकम विधिक उत्तराधिकारी को दिया जाएगा। नामिनी को पारिवारिक पेंशन की सुविधा पूर्व की तरह मिलेगी। केंद्र ने 2021 में ही बना दी थी नई व्यवस्था केंद्र सरकार के कार्मिक लोक शिकायत व पेंशन मंत्रालय ने 30 मार्च 2021 को अपने कार्मिकों के लिए संशोधित व्यवस्था की अधिसूचना जारी की थी। इसी में एनपीएस में शामिल कार्मिक की मृत्यु पर पेंशन फंड से संबंधित नई व्यवस्था का प्रावधान किया था। अब यूपी सरकार ने भी इसे लागू कर दिया है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## जिला निर्वाचन अधिकारी के कुशल निर्देशन में एम0एल0सी0 का मतदान सकुशल संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के कुशल निर्देशन में एम0एल0सी0 का मतदान सकुशल संपन्न हुआ। जौनपुर विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य के द्विवार्षिक निर्वाचन 2022 के मतदान के लिए जनपद



के 22 मतदान केंद्रों पर आज सुबह 8:00 बजे से अपराहन 4:00 बजे तक मतदान हुआ, जिस पर अपर जिलाधिकारी /उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह, सभी मतदान केंद्रों पर भ्रमणशील रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। जनपद में आज एमएलसी के निर्वाचन शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जनपद में 4.00 बजे अपराह्न तक कुल 98.28 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना 12 अप्रैल 2022 को प्रस्तावित है।

### मन के दो प्रकार के होते हैं – आनंद भूषण जी महाराज

सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के ग्राम पंचायत प्रेम का पूरा में मां अन्नपूर्णा धाम में श्री अन्नपूर्णा महोत्सव के अंतर्गत चल रही श्रीमद् देवी भागवत महापुराण की कथा में श्रीधाम अयोध्या से पधारे कथा वाचक व्यास श्री आनंद भूषण जी महाराज ने बताया कि मनन के दो प्रकार होते हैं प्रथम प्रकार का मनन उत्पत्ति के विचार द्वारा होता है द्वितीय प्रकार का मनन उत्पत्तिओ के द्वारा संपन्न होता है द्वितीय स्कंध में पांचवें अध्याय से सातवें तक तीन अध्यायों में उत्पत्ति के द्वारा मनन की प्रक्रिया है आठवीं से दसवें तक उपपत्ती के द्वारा परिवर्तनशील अनित्य वस्तुओं का जन्म होता है नित्य किंतु परीक्षित वस्तुओं का समागम होता नृत्य एवं अपरिछिन्न वस्तुओं का प्राकट्य होता है अभिप्राय यह है कि जगत का जन्म जीवो का समागम एवं ईश्वर का प्राकट्य होता है सिद्धांत यह है कि ईश्वर से उत्पन्न होने के कारण सब ईश्वर रूप ही हैं तत्व परमात्मा से पृथक कोई वस्तु नहीं है माया मोहित दुर्बुद्धि पुरुष ही मैं और मेरा की बकवास करते हैं जो कुछ भी है द्रव्य कर्मकार स्वभाव जीव परमात्मा से पृथक नहीं है वेद देवता लोग यज्ञ योग तप ज्ञान गति सब का तात्पर्य परम तत्व के बोधन में ही हैं इसे अन्य व्यक्ति के द्वारा जीव जगत की भगवत पताका प्रतिपदान किया जाता है जो कुछ हो रहा है हुआ है और होगा परमात्मा वह सब कुछ तो है ही उससे परे में है. इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य आयोजक धीरज कुमार दुबे, सुरेश चंद दुबे, दिनेश कुमार सिंह, संतोष द्विवेदी सहित तमाम क्षेत्र के श्रद्धालु कथा का श्रवण करने के लिए उपस्थित रहे।

## गोरखपुर जिले के तहसील खजनी अंतर्गत बेलघाट का अपडेट

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : बेलघाट ब्लाक में एमएलसी चुनाव सुबह 8:00 बजे से मतदान ब्लाक में एमएलसी चुनाव सुबह 8:00 बजे से मतदान शुरू हुआ खजनी तहसील अंतर्गत बेलघाट ब्लाक में सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष बेलघाट दिनेश कुमार और सिकरीगंज उप विंध्याचल आजाद और सिकरीगंज सिपाही हिमांशु सिंह गौरव सिंह महिला कांस्टेबल भी मौजूद के नेतृत्व में एसएसबी व पुलिस जवान चप्पे–चप्पे पर मुस्तैद। बिना जांच आई कार्ड दिखाएं अंदर प्रवेश नहीं कर सकता।। सेक्टर मजिस्ट्रेट के तौर पर तैनात खजनी तहसील के तहसीलदार प्रदुमन कुमार घंटो घंटो का ले रहे हैं हिसाब बेलघाट ब्लॉक चल रहे हैं एमएलसी चुनाव का मतदान टोटल मतदाताओं की संख्या 187 जिसमें महिलाओं की संख्या99 पुरुषों की संख्या 88 1:00 बजे का अपडेट 85 परसेंट हो चुके हैं मतदान शांतिपूर्वक चल रहा है बेलघाट ब्लॉक में मतदान।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

लोगों को भरपूर सम्मान दीजिये इसलिए नहीं कि उनका अधिकार है बल्कि इसलिए कि आपमें संस्कार है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## दोहरे संकट के साथ आर्थिक विकास को गति देने की चुनौती : उम्मीद कायम

ड्यूश बैंक 2023 तक अमेरिकी मंदी की भविष्यवाणी कर रहा है, क्योंकि अमेरिकी फेड 2023 की शुरुआत में ब्याज दरों को बढ़ाकर 3.5 फीसदी तक कर देगा और अगले दो वर्षों के लिए हर साल अपनी बैलेंस शीट में 11 खरब डॉलर की कटौती कर रहा है। दूसरी ओर, गोल्डमैन सैक्स अमेरिकी परिवारों और अमेरिकी कॉरपोरेट्स, दोनों के पास भारी नकदी बचे होने के कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था के सुचारू रूप से चलने की भविष्यवाणी कर रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने माना है कि आर्थिक विकास की स्थिति अब भी बहुत नाजुक है और वैश्विक विकास को चुनौती मिल रही है। इसने वर्ष 2022–23 के लिए जीडीपी विकास दर के अनुमान को घटा दिया है और अनुमानित मुद्रास्फीति की दर बढ़ा दी है। कोविड महामारी के असर और रूस–यूक्रेन युद्ध की चुनौतियों का सामना करने के लिए अर्थव्यवस्था के टिकाऊ विकास को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसने अपने उदार नीतिगत रुख को बनाए रखा है और इस बात पर जोर दिया कि रिजर्व बैंक मानक नीति ढांचे से प्रभावित नहीं होगा, बल्कि अपनी खुद की रणनीति बनाएगा।

रिजर्व बैंक का यह विकास समर्थक रुख बहुत विश्वसनीय है, क्योंकि भारत को अपने आर्थिक सुधार को मजबूत और टिकाऊ बनाने के लिए नीतिगत समर्थन की आवश्यकता है। जहां तक वैश्विक अर्थव्यवस्था की बात है, वर्ष 2022 में युद्ध, महामारी, मंदी– सब कुछ है और यह अपने आप में काफी डरावना है। बेशक आगे कई संभावनाएं हैं, लेकिन जोखिम भी बहुत ज्यादा हैं। 2020 का दशक अप्रत्याशित जोखिमों का समय रहा है, जिससे वित्तीय बाजारों में बड़ी उथल–पुथल मची।

मार्च 2020 के अभूतपूर्व मौद्रिक और राजकोषीय उपायों ने तेजी से सुधार करने में मदद की, लेकिन अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने की गति सभी देशों, क्षेत्रों और आबादी समूहों में असमान रही है। ओमिक्रॉन वैरिएंट द्वारा और अनिश्चितता लाने से पहले दुनिया राहत और माहौल 'सामान्य' होने की उम्मीदों के साथ वर्ष 2021 को अलविदा कह रही थी। 2021 के अंत में, हम में से अधिकांश लोग अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत गलत कदमों को बाजारों के लिए सबसे बड़ा जोखिम मान रहे थे।

मुद्रास्फीति हठीली साबित हो रही थी, जिसे फेड अध्यक्ष जिम पॉवेल ने स्वीकार किया था। ऐसा माना गया कि, ब्याज दरों में वृद्धि की जरूरत थी और फेड की 90 खरब डॉलर की बड़ी बैलेंस शीट को कम करने की जरूरत थी। इनके मुकाबले, बहुत कम ब्याज दरें, कॉरपोरेट की मजबूत आय वृद्धि, इक्विटी में खुदरा निवेशकों की ओर से निरंतर प्रवाह और अमेरिकी उपभोक्ताओं की ताकत अमेरिकी बाजारों के लिए आशावादी दृष्टिकोण बनाने वाले कारक थे।

यूक्रेन के चारों तरफ रूसी सेना के जमावड़े को दुनिया ने बड़ी शालीनता के साथ देखा, जब यह कल्पना भी नहीं की जा सकती थी कि 19वीं सदी के खतरे 21वीं सदी के औद्योगिक यूरोप के केंद्र में देखने को मिलेंगे। पिछले भू–राजनीतिक संकटों को वित्तीय बाजारों ने काफी अच्छी तरह से स्वीकार कर लिया था। इसलिए पश्चिम और रूस पूरी तरह से अलग–अलग रणनीतियों का अनुसरण कर रहे थे, जबकि बाजार इस संपूर्ण कवायद को ऐसे सैन्य खतरे के रूप में देख रहा था, जो दोनों पक्षों की बातचीत और समझौतों के साथ खत्म हो जाएगा।

हम सब कितने गलत थे! जैसे ही रूसी सेना ने 24 फरवरी को यूक्रेन में प्रवेश किया, बाजार जोखिमों के अधीन नीचे चला गया। रूसी बाजार और मुद्रा सबसे ज्यादा प्रभावित हुई, क्योंकि प्रतिबंधों की घोषणाओं ने भू–राजनीतिक जोखिम को भू–आर्थिक वास्तविकता में बदल दिया। रूस के मूल्यवान विदेशी मुद्रा भंडार से 300 अरब डॉलर की कटौती हो गई। प्रतिबंधों के चलते रूस से वस्तुओं की आपूर्ति में बाधा की आशंका के कारण तेल, गेहूं, उर्वरक, निकेल, पैलेडियम, तांबा, अल्यूमीनियम और अन्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ गईं।

दुनिया भर के शेयर बाजारों में गिरावट आई। बेहतर प्राप्तियों के पूर्वानुमान से ब्राजील जैसे जिंस निर्यातकों ने अपने बाजारों में तेजी देखी, पर ये अपवाद थे। फंड मैनेजरों और निवेशकों का जैसे आदर्श वाक्य था–पहले बेचो, फिर सोचो। सबसे खराब स्थिति में परमाणु युद्ध और संघर्ष के तीसरे विश्व युद्ध के रूप में फैलने की आशंका, पश्चिम के रूस के साथ उलझने को चीन द्वारा ताइवान पर हमले के अवसर के रूप में देखने को विश्लेषकों ने इसके पीछे का कारक माना। इसलिए यूक्रेन संघर्ष का मानवीय और आर्थिक प्रभाव वित्तीय बाजारों के उथल–पुथल में तब्दील हो गया।

हालांकि, संघर्ष के एक महीने के भीतर, दुनिया भर में बाजार 24 फरवरी से पहले के स्तर पर पहुंच गए थे। फिलहाल हम उम्मीद करते हैं कि बाजारों में अधिकांश ज्ञात जोखिमों का अनुमान लगा लिया गया है। लेकिन जो चीज हमें परेशान कर रही है, वह है बाजार की जटिल अनुकूलन प्रणाली, जिसमें कई चीजें सक्रिय होती हैं, जो पूरी तरह से अप्रत्याशित परिणाम पैदा करती हैं। वर्ष 2008 के बाद के निवेशकों की एक पीढ़ी आसान मौद्रिक नीतियों पर निर्भर हो गई है। बहुत तेजी या बहुत नियंत्रण की गलत नीतियों के चलते रूस का अप्रत्याशित उदाहरण अन्य क्षेत्रों में संक्रमण में तेजी ला सकता है।

या तेल की कीमतें और बाधित आपूर्ति शृंखला के चलते मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी उपभोक्ता और कॉरपोरेट भावना को उस स्तर तक नुकसान पहुंचा सकती है, जहां यह बाजार के नजरिये को प्रभावित करती है। वर्ष 2008 के बाद शेयर बाजारों की स्थिति शानदार रही है। यह उन सफलताओं को ध्यान में रखते हुए अपरिहार्य वैश्विक सुधारों के लिए तैयार होने का समय है, जो 12 से 24 महीनों में ठीक हो जाएंगे। बाजार विश्लेषक अब भी आश्वस्त नहीं हैं कि मंदी को टाला जा सकेगा।

ड्यूश बैंक 2023 तक अमेरिकी मंदी की भविष्यवाणी कर रहा है, क्योंकि अमेरिकी फेड 2023 की शुरुआत में ब्याज दरों को बढ़ाकर 3.5 फीसदी तक कर देगा और अगले दो वर्षों के लिए हर साल अपनी बैलेंस शीट में 11 खरब डॉलर की कटौती कर रहा है। दूसरी ओर, गोल्डमैन सैक्स अमेरिकी परिवारों और अमेरिकी कॉरपोरेट्स, दोनों के पास भारी नकदी बचे होने के कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था के सुचारू रूप से चलने की भविष्यवाणी कर रहा है। इसलिए आगे क्या होगा, इसकी भविष्यवाणी मुश्किल है।

हम बस इतना जानते हैं कि कोविड महामारी और रूस–यूक्रेन संघर्ष ने नीति निर्माताओं और बाजारों को आश्चर्यचकित कर दिया है। अनिश्चितता अभी बनी रहेगी और निवेशकों को इसके लिए तैयार रहना होगा। लंबी अवधि के निवेशकों के लिए, गुणवत्तापूर्ण कंपनियों में निवेश करने का यह उतना ही अच्छा समय है। लेकिन जागरूकता और आपातकालीन फंड के अच्छे संचय के साथ ऐसा करने से किसी भी मंदी को धैर्य से संभालने में मदद मिलेगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## रिटायर्ड आरपीएफ कर्मी की हत्या में पिता–पुत्र समेत पांच को उम्र–कैद : एक बरी व 4.22 लाख रुपये का अर्थदंड

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : दस वर्ष पूर्व पुरानी रंजिश के चलते लाइसेंसी बंदूक व अन्य हथियारों से लैश होकर हुई रिटायर्ड आरपीएफ कर्मी की हत्या एवं अन्य सदस्यो को गम्भीर चोट पहुँचाने के मामले में अदालत ने पिता–पुत्र समेत पांच आरोपियों को दोषी करार दिया है,जबकि षडयंत्र के एक आरोपी को सन्देह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष राय ने दोषियों को उम्र–कैद एवं चार लाख बाइस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के खेड़ी पूरे भूलई मजरे अहिरन गांव से जुड़ा है। जहां पर छह अप्रैल 2012 को हुई घटना का जिक्र करते हुए अभियोगी शिव बहादुर यादव ने मुकदमा दर्ज कराया। आरोप के मुताबिक अभियोगी के पट्टीदार आरोपी पिता राममिलन उनके पुत्र राजमणि,आरोपी रामसूरत व उनके पुत्र प्रदीप एवं सह आरोपी अमित कुमार ने मुकदमे बाजी की रंजिश को लेकर लाइसेंसी बंदूक,हथगोला व अन्य हथियारों से हमला कर अभियोगी के पिता रिटायर्ड आरपीएफ कर्मी रामअचल यादव की हत्या कर दी और परिवार के अन्य सदस्यों पर भी जानलेवा हमला किया। इस मर्डर केस में पांचों आरोपियों के साथ शैलेंद्र यादव को भी षडयंत्र का आरोपी बनाते हुए आरोप–पत्र दाखिल हुआ। मामले का विचारण जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में चला। इस दौरान अभियोजन पक्ष से जिला शासकीय अधिवक्ता तारकेश्वर सिंह व नामिका अधिवक्ता ऋषिकांत त्रिपाठी ने 13 गवाहों को परीक्षित कराया एवं अन्य साक्ष्यों को भी पेश किया। वहीं बचाव पक्ष ने भी अपने तर्को को पेश कर आरोपियो को बेकसूर साबित करने का भरपूर प्रयास किया। इस केस में उभय पक्षो को सुनने के पश्चात जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष राय की अदालत ने आरोपी पिता राममिलन उनके पुत्र राजमणि,आरोपी रामसूरत व उनके पुत्र प्रदीप एवं सह आरोपी अमित कुमार को हत्या सहित अन्य अपराधों में दोषी करार देते हुए उम्र–कैद एवं 4.22 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं अदालत ने सन्देह का लाभ देते हुए षडयंत्र के आरोपी शैलेंद्र यादव को बरी कर दिया है। अदालत ने अर्थदंड की धनराशि में से पीड़ित पक्ष को प्रतिकर के रूप में धनराशि देने का भी आदेश पारित किया है।

## यूपी भाजपा का सभी 36 सीटों पर जीत दर्ज करने का दावाः देवेन्द्र

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : यूपी में शनिवार को एमएलसी की 36 सीटों पर होने जा रहे चुनाव को लेकर स्नातक क्षेत्र के एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने दावा किया कि भाजपा सभी सीटों पर एकतरफा जीत दर्ज करने जा रही है।वे शुक्रवार को सुल्तानपुर–अमेठी के सिटिंग एमएलसी व भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र प्रताप सिंह के चुनाव के मद्देनजर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मीडिया से मुखातिब थे। गोरखपुर–अयोध्या स्नातक क्षेत्र से एमएलसी वरिष्ठ भाजपा नेता सिंह ने शैलेंद्र प्रताप सिंह की तारीफ के पुल बांधे और कहा कि भारतीय राजनीति में ईमानदारी शुचिता और पारदर्शिता में इनका कोई सानी नहीं। उन्होंने कहा शैलेंद्र प्रताप सिंह गांधीवादी राजनीति के एक प्रमुख स्तंभ है। उन्होंने कहा शैलेन्द्र प्रताप सिंह राजनीति के चारों धाम है।लगातार सन् 1990 से चार बार एमएलसी होते आ रहे हैं। उनकी जन स्वीकारिता और आमजनों के हितों के लिए प्रतिबद्धता हर एक राजनीतिज्ञ के लिए प्रेरक है।श्री सिंह ने दावा किया कि इस बार फिर शैलेंद्र प्रताप सिंह भारी मतों के अंतर से जीत रहे हैं।उन्होंने राजनीति में धनबल एवं बाहुबल के बढ़ते असर को अत्यंत खतरनाक बताया। उन्होंने कहा पीएम मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ राजनीति में




निरंतर नैतिकता के उच्च मानदंडों को स्थापित करने के लिए प्रयासरत हैं।इनमें ना सिर्फ राजनीतिक बल्कि गांव– गवई के निर्वाचित प्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा 9 अप्रैल को एमएलसी चुनाव में शैलेंद्र प्रताप सिंह के नाम के आगे एक पाई खींचकर उनके हाथों को मजबूत करें। भाजपा के एमएलसी प्रत्याशी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने आज सुल्तानपुर अमेठी के कई विकास खंडों में जाकर पंचायत प्रतिनिधियों से मुलाकात की।इस अवसर पर भाजपा के प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी भाजपा के मीडिया विभाग के जिला संयोजक अरुण द्विवेदी ,अमेठी के भाजपा नेता हिन्देश सिंह,संजय सिंह सोमवंशी, रामचन्द्र दुबे ,रजनीश मिश्रा, बॉबी सिंह, रणजीत सिंह,अजय पाण्डे, लकी झा आदि उपस्थित रहे।

## पिहानी कोतवाली का एडिशनल एसपी ने किया मुआयना

हरदोई ब्यूरो अम्रीष कुमार सक्सेना : एडिशनल एसपी द्वारा द्वारा कोतवाली का अर्धवार्षिक मुआयना किया गया। मुआयना के दौरान सभी शस्त्रों, कारतूस बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट,पंप गन ,एसएलआर ,चिली बम, सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा शिल्ड ,कोतवाली परिसर में खड़े वाहन व माल खाने में रखी सरकारी चीजों के प्रयोग के संबंध में पड़ताल की गयी। मौके पर जहां जो कमियां दिखी उसे तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया। माल खाना में मौजूद कंडम सामान को हेड मुहर्रिर राजेंद्र सैनी को पुलिस लाइन में जमा कराने के निर्देश दिए। सीसीटीवी कैमरे को 24 घंटे चालू रखने के निर्देश भी दिए। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने कोतवाली पिहानी में साफ सफाई व परिसर में लगी फूलों की क्यारियां व हरियाली देखकर कोतवाल डीके सिंह के प्रशंसा की। महिला डेस्क पर महिला उत्पीड़न शिकायत का तुरंत निस्तारण पर महिला डेस्क प्रभारी दीपा शर्मा व सोनिका चौहान की कार्यशैली की प्रशंसा की। क्षेत्र में चल रहे महिला सशक्तिकरण पर भी एडिशनल एसपी ने कोतवाल डीके सिंह से महिला विस्तृत जानकारी ली। कोतवाली के कंप्यूटर रूम, बंदी ग्रह ,भोजनालय, पुलिस बैरक में जाकर बिंदुवार मुआयना किया। कोतवाली में मौजूद तीन दर्जन से अधिक चौकीदारों से भी गांव गांव में अपराधियों के संबंध में पूछा। साथ ही ऑनलाईन पोर्टल पर लंबित प्रार्थना पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र, आपरेशन पहचान के अन्तर्गत अपराधियों की डाटा फीडिंग एवं डायल 112 से सम्बन्धित इवेन्ट समय से फीड करने ,अपराध, भूमि



विवाद, ग्राम अपराध, , फ्लाईशीट, महिला उत्पीडन, हत्या बल्वा रोकथाम, राजनैतिक सूचना, गुण्डा रजिस्टर आदि को चौक कर हैड मोहर्रिर राजेंद्र सैनी को अध्यावधिक रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। एडिशनल एसपी ने टॉप–10 अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही एवं जेल से छूटे हुये अपराधियों का सत्यापन निगरानी एवं हिस्ट्रीशीटरों पुराने अपराधियों के गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह को निर्देशित किया। इस मौके पर एसएसआई रमेश सिंह सेंगर, एसआई मोहम्मद अजीम, जहानीखेड़ा चौकी इंचार्ज संजय सिंह रोहित कुमार,एसआई नरेंद्र सैनी रविंद्र यादव लड्डू गोपाल, अभिषेक त्यागी ,शोभित मिश्रा, राजेश कुमार ,एसआई अनिल सिंह, ऐश्वर्य दुबे, नरेंद्र दीवान ,चंचल, ओमवीर आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## एक ही रात में चोरों ने आधा दर्जन घरों को बनाया निशाना

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बीती रात एक ही गांव के कई घरों में हुई चोरी से मचा हड़कंप। सुबह होने पर चोरी की हुई जानकारी। नगदी समेत लाखों रुपए के गहनों पर चोरों ने किया हाथ साफ। एक ही रात में कई घरों में हुई चोरी से गांव में दहशत का माहौल। सूत्रों के मुताबिक लगभग 6 घरों में हुई है चोरी। पुलिस गश्त पर उठ रहा सवालिया निशान। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के अवसानपुर गांव का मामला। अभी 15 दिन पूर्व इसी थाना क्षेत्र के कैथापुर एवं बेलडाड़ी गांव में 7 घरों में हुई थी चोरी। अभी तक नही लग सका



कोई सुराग। ग्रामीणों में आक्रोश।

## पार्लियामेंट थाने में वह दृश्य दोहराया गया जब भगत सिंह को 1929 में इसी थाने में बंदी बनाकर लाया गया था

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय सैनिक संस्था की दिल्ली इकाई ने संसद मार्ग स्थित पार्लियामेंट पुलिस स्टेशन में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया। दरअसल 8 अप्रैल 1929 को भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त को नेशनल असेंबली संसद भवन में पर्चियों से भरा बम्ब धमाका करने के बाद गिरफ्तार कर यहाँ लाया गया। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के संयोजक राजीव खोसला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की पार्लियामेंट पुलिस स्टेशन शायद पहला पुलिस स्टेशन होगा जहां इस तरह के देश भक्ति के कार्यक्रम आयोजित करने की विधिवत अनुमति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रिय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने सार्वजनिक स्थानों पर गुडमोर्निंग , आदाब , सतश्रीकाल , नमस्ते को इज्जत के साथ अवकाश देकर जय हिन्द बोलने और बुलवाने का संकल्प दिलवाया। पदमश्री जितेंद्र सिंह शंटी , पूर्व न्यायधीश अरुण कुमार धवन , सरदार कुलदीप सिंह भोगल पूर्व ए सी पी वेद भूषण , प्रोफेसर दिल्ली यूनिवर्सिटी डॉ सपना बंसल , अपने अपने वक्तव्यों में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त की कार्यवाही को जागरूपता अभियान बताया और ऐतिहासिक संसद थाने में ऐतिहासिक कार्यक्रम करने की अहमियत को जनता तक पहुंचाने का सभी से वादा भी ली। चंद्र सैनी ग्रुप द्वारा 90 फिट चित्रक में राष्ट्रभक्ति को चिन्हित किया गया। राष्ट्र कवियों द्वारा जिसमें विशेष तौर पर कवित्री पूनम भाटिया , विभा राज वैभवी, देवेंद्र देव , साक्षत भसीन , युवा कवि जितेंद्र द्वारा एवं कबीर शर्मा ने देश




प्रेम की वो कवितायें पढ़ी गई जिन्हें टेलीविजन स्क्रीन या किताबो में नहीं देखा जा सकता द्य रिटायर्ड ज्वाइंट कमिश्नर एसबीएस त्यागी, थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने उपरोक्त कार्यक्रम की 2013 में नीव रखी थी। आज जो प्रतीक चिन्ह भेट किया गया उसकी घडी में 14 क्रांतिकारी वीरों की तस्वीरें लगी हुई है। हम चाहते हैं कि हर सरकारी दफ्तर के टेबल पर यह घडी हो। दिल्ली पुलिस की ओर से दिनेश कुमार , असिस्टेंट कमिश्नर पुलिस , अतर सिंह , कोतवाल अखिलेश मिश्रा ने कार्यक्रम में पूरी रुचि दिखाते हुए एक नया इतिहास रच दिया और लगा की दिल्ली पुलिस नागरिको के प्रति संवेदनशील है। इंदौर से आए राहुल इंकलाब जी , रामदयाल मीणा ,गोपाल लाल माली राधेश्याम मीणा ,जितेंद्र प्रसाद बागड़ी, रवि कुमार चौहान, सभी जयपुर से आए सुशील खन्ना , डीके मेंदीरत्ता कबीर शर्मा ,अभीवक्ता राजकुमार जैन, रीमा, डिंपल पीटर ,जे राजन, मोहम्मद आलम और हितेश शर्मा ने भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त पर अत्यंत लोंम हर्षक नाट्य रूपांतर पेश किया। खूबसूरत सभी लम्हों को फोटोग्राफर प्रेम सिंह ने अपने कैमरे में कैद कर यादगार पलों को संभाल के रखने का वादा किया।

## नवरात्र के शनिवार को बाराही मंदिर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोण्डा के उमरी बेगमगंज में नवरात्रि के दूसरे शनिवार को बाराही मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह 11 बजे तक 20 हजार से ज्यादा लोगों नेदर्शन कर लिए। मंदिर में शनिवार सुबह से ही भक्तों का तांता लग गया। प्रसिद्ध आदि शक्ति मां बाराही शक्ति स्थल में नवरात्रि के दूसरे शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह 11 बजे तक करीब 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए थे। पीठ पर बाहरी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। मंदिर में रेलिंग आदि लगाकर कतारबद्ध कर श्रद्धालुओं को दर्शन कराने की व्यवस्था की गई है। वहीं सुबह ही थानाध्यक्ष करूणाकर पांडे भी मंदिर पहुंचे और भीड़ को नियंत्रित करते हुए दिखे। चौत्र नवरात्रि का अंतिम शनिवार होने के साथ ही अष्टमी तिथि पड़ने से मां बाराही के दरबार में हाजिरी लगाने काफी संख्या में श्रद्धालुजन पहुंचे। मंदिर के पट खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने मंदिर के प्रवेश द्वार से भी श्रद्धालुओं के महिलाओं व पुरुषों की अलग–अलग लाइनें लगवा कर आने जाने की व्यवस्था कराई। ताकि मंदिर परिसर में अनावश्यक भीड़ एकत्रित न हो। इसके चलते पश्चिमी द्वार से आने वाले श्रद्धालुजन सीधे माताजी के दर्शन करने आसानी से पहुंच सके। सुबह से शाम चार बजे तक मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शन करने का



क्रम लगा रहा। इसके साथ ही मां बाराही परिसर पर सुरक्षा के भी प्रबंध किए गए हैं। हर आने जाने वाले पर नजर रखने के लिए मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। ताकि पूरी निगरानी रखी जा सके। मंदिर परिसर में चलाया गया मिशन शक्ति अभियान नारी सुरक्षा ,नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन को मुख्य आधार मानकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं मिशन शक्ति अभियान के तहत मां बाराही मंदिर पर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण तथा आत्म सुरक्षा एवं हेल्पलाइन नंबर 1090 ,181,1076, 1098 ,112 आदि के बारे में जानकारी दी गई। महिला सिपाहियों द्वारा दी जा रही इस जानकारी से दूर क्षेत्र से आने वाली श्रद्धालु महिलाओं में काफी उत्सुकता देखी गई।

## मातृत्व कला गतिविधि का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ममता संस्था द्वारा एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से हाई रिस्क प्रेगनेंसी दिवस के अवसर पर आज सरकारी अस्पतालों नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंदिरा नगर अलीगंज और नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरगापुर खुर्रम नगर त्रिवेणी नगर पर मातृत्व कला गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें आने वाली गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सेवाओं और सुविधाओं के बारे में बताया गया आज 105 गर्भवती महिलाओं को परामर्श दिया गया और उन्हें पोषण में सहायता हेतु गुड़ और चना भी दिया गया। इस मौके पर आने वाली गर्भवती महिलाओं का डॉक्टर के द्वारा परीक्षण किया गया और उन्हें दवाएं वितरित की गई ममता संस्था के कार्यकर्ताओं ने कम पैसे वाले संतुलित आहार जो आसानी से घर पर उपलब्ध होते हैं के बारे में जानकारी दी और उन्हें नियमित रूप से जांच करवाने और गर्भावस्था के दौरान होने वाले खतरों के बारे में बताया गया . सभी महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में बताया गया और संस्थागत प्रसव कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर विमलेश मिश्रा सुमन शुक्ला निशा सिंह नीलम श्रीवास्तव गायत्री सोनकर और नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र







आशा आंगनबाड़ी व डॉक्टर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## जनपद में अभियान के तहत कुल 77 वारंटी व 04 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराधा/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत समस्त क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 77 वारंटी व 04 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न प्रकार हैः– थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्त 1. गोपाल दास पुत्र राम प्रसाद निवासी कटघरा थाना कोतवाली जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 23087/20 धारा 138 एमवी एक्ट 2. शैलेन्द्र पुत्र छेंदी लाल निवासी खासनपुर थाना कोतवाली जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 5256/19 धारा 323/504/506/452 भादवि 3. मिर्जा ज्यारत हुसैन पुत्र मिर्जा सिब्तेन निवासी कटघरा थाना कोतवाली जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 1824/93 धारा 221/224/225 भादवि को गिरफ्तार किया गया। थाना लाइनबाजार पुलिस द्वारा 07 वारंटी अभियुक्त 1. गुड्डू पुत्र प्यारेलाल नि0 शिवापार थाना लाइनबाजार जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 216/16 धारा 323/504 आईपीसी 2. सिन्टू उर्फ अखिलेश पुत्र तजबहादुर नि0 कलीचाबाद थाना लाइनबाजार जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 504/14 धारा 416/147/323/325/506/308/341 भादवि 3. राजकुमार मौर्य पुत्र मुन्नालाल मौर्या नि0 पचहटिया थाना लाइनबाजार जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 126/16 धारा 307/399 आईपीसी 4. पिन्टू पुत्र महेन्द्र 5. सुजीत पुत्र हरिराम निवासीगण मुस्तफाबाद थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 89/16 धारा 323 भादवि 6. रंजीत पटेल उर्फ सिन्टू पुत्र हरिश पटेल निवासी मातापुर थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर मु0नं0 200/16 धारा 323/504 आईपीसी 7. सावित्री पत्नी गुड् निवासी शिवापार थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर मु0सं0 216/16 धारा 323/504 भादवि को गिरफ्तार किया गया। थाना जफराबाद पुलिस द्वारा 05 वरंटी अभियुक्त 1. राजेश कुमार यादव पुत्र मुरली यादव निवासी मोहिउद्दिनपुर थाना जफराबाद जौनपुर उम्र 42 वर्ष सम्बन्धित मु0नं0 932/2017 धारा 138 एन0आई0 एक्ट थाना लाइन बाजार 2. सुरेश कुमार यादव पुत्र रामचरित्र यादव निवासी गजना थाना जफराबाद जौनपुर उम्र 47 वर्ष सम्बन्धित मु0नं0 931/2017 धारा 138 एन0आई0 एक्ट थाना लाइन बाजार 3. विनोद उर्फ पप्पू पुत्र श्यामलाल निवासी भूलेमऊ थाना जफराबाद जौनपुर उम्र 49 वर्ष सम्बन्धित मु0नं0 3249/08 धारा 3/7 ई0सी0 एक्ट थाना जफराबाद 4. विपिन गौतम पुत्र लालचन्द्र उरफ करिया सा0मौ0 किरतापुर (उसहरिया) पो0 धर्मापुर थाना जफराबाद जौनपुर उम्र 24 वर्ष सम्बन्धित मु0नं0 10ध्21 धारा 128 थाना जफराबाद जौनपुर 5. रामसूरत यादव पुत्र राजबली यादव निवासी मिसिरपुर थाना जफराबाद जौनपुर उम्र 50 वर्ष सम्बन्धित मु0नं0 1228/17 धारा 323/504 भादवि को गिरफ्तार किया गया। थाना शाहगंज पुलिस द्वारा 02 वारंटी अभियुक्त 1. प्यारेलाल पुत्र स्व0 हरीलाल नि0 सुरिस थाना शाहगंज जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 728/2016 धारा 323/504 भादवि थाना शाहगंज जौनपुर 2. रूखसाना पत्नी निजामुद्दीन नि0 शाहपंजा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना खेतासराय पुलिस द्वारा 04 नफर वारंटी अभियुक्त 1– सुभाष यादव पुत्र लालजी यादव निवासी सफीपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 2. भीमनाथ पुत्र हरी लाल निवासी मुस्तफाबाद थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 3. मनोरथ पुत्र भुगुनू उर्फ कुंभकरण निवासी दंडसौली थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 4. शेर बहादुर पुत्र हंसराज निवासी मनेछा थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना खुटहन पुलिस द्वारा02 वारंटी अभियुक्त 1. राम लवट पुत्र पंचम निवासी ग्राम मुबारकपुर थाना खुटहन जनपद जौनपुर 2. त्रिलोकी पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम मुबारकपुर थाना खुटहन जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना सरपतहाँ थाना सरपतहाँ पुलिस द्वारा 05 वारंटी अभियुक्त 1. दिनेश सिंह पुत्र ओम प्रकाश निवासी भुसौडी थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 4423/11 धारा 323/504/506 भादवि 2. मेवालाल केवट पुत्र ढन्गू केवट निवासी एकडला थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 4913/19 धारा 457/380/411 भादवि 3. सुरेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र उदयराज सिंह निवासी उचगाँव थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 552/20 धारा 323/504/427 भादवि थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर 4. सभापति पुत्र बुझारत निवासी करीमपुर बिन्द थाना सरपतहां जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0–670/20 धारा 323/504 भादवि थाना सरपतहां जौनपुर 5. किरेन्द्र पुत्र राम चरन हरिजन निवासी सारीजहाँगीरपट्टी थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 26/20 धारा 323/504 भादवि को गिरफ्तार किया गया। थाना केराकत थाना केराकत पुलिस द्वारा 02 वारंटी अभियुक्त मो0 कयूम पुत्र कल्लन खान नि0 गौसपुर थाना केराकत जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 1526/19 स्टेट बनाम इस्तियाक धारा 332/353/504 2. सुभाष पुत्र हरिहर यादव नि0 नरहन थाना केराकत जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 3215/15 स्टेट बनाम सुभाष धारा 323/504/506 भा0द0वि0 को गिरफ्तार किया गया। थाना चन्दवक थाना चन्दवक पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त अनिरुद्ध सिंह पुत्र नन्दलाल ग्राम अटहरपार थाना चन्दवक जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 238/20 धारा 128 द0प्र0सं0 को गिरफ्तार किया गया । थाना गौराबादशाहपुर थाना गौराबादशाहपुर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त पिन्टू बनवासी पुत्र लालमन बनवासी निवासी ग्राम माधवपुर (करमौना) पो0 पेसारा थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 60/22 धारा 341/376/504/506 भा0द0वि0 को आज दोपहर ग्राम सरसौड़ा के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना जलालपुर थाना जलालपुर पुलिस द्वारा 02 वारंटी अभियुक्त 1. छोटू पुत्र सोभई 2. बहादुर पुत्र बाकू ग्राम बिन्द थाना जलालपुर जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 819/21 धारा 504,506 भादवि व 3/5 सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम को गिरफ्तार किया गया । थाना सरायख्वाजा थाना सरायख्वाजा पुलिस द्वारा 01 वांछित व 02 वारंटी अभियुक्त राजू पुत्र स्व0 नन्दलाल निवासी अफलेपुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0–177/12 धारा 504/506 भादवि 2. रामबली पुत्र स्व0 रामजियावन निवासी करसावा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0न0–280/12 धारा 135 वि0अधि0 थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया । मु0अ0सं0 57/22 धारा 376/506 भादवि व 67 आईटी एक्ट थाना सरायख्वाजा जौनपुर का वाछिंत अभियुक्त बृजेश उर्फ बाबू उर्फ बाबूराम पुत्र छन्ना सोनकर निवासी अकबर खानपुर थाना सरायख्वाजा जौनपुर को आज सुबह कूत्तुपूर तिराहे थाना सरायख्वाजा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। थाना बक्शा थाना बक्शा पुलिस द्वारा 02 वारंटी अभियुक्त राम प्रसाद पुत्र वीपत चौहान निवासी मुरैलापुर थाना बक्सा,जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 541/17 धारा 409 भा0द0वि0 2. संजय कुमार पुत्र रघुनाथ निवासी अलहदिया थाना बक्सा,जौनपुर मु0नं0 2212/19 धारा 138 छप् ।ब्ज थाना कोतवाली जौनपुर, को गिरफ्तार किया गया। थाना सिकरारा थाना सिकरारा पुलिस द्वारा 02 वारंटी अभियुक्त 1. फुतनू यादव पुत्र स्व0 द्वारिका यादव नि0 पोखरियापुर थाना सिकरारा जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 969/17 धारा 323/504/427 भादवि 2. समरनाथ अग्रहरी पुत्र मोतील लाल गुप्ता नि0 मसीदा लाला बाजार थाना सिकरारा जनपद जौनपुर सम्बन्धित एसटी नं0 173/2018 धारा 436/504 भादवि को गिरफ्तार किया गया। थाना बदलापुर थाना बदलापुर पुलिस द्वारा 02 वरांटी अभियुक्त 1. रामाश्रय सिंह पुत्र स्व0 चन्द्रभान सिंह निवासी ग्राम सरायत्रिलोकी थाना बदलापुर जनपद जौनपुर 2. बरसाती गौतम पुत्र स्व0 अहकू निवासी ग्राम ढेमा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना सिंगरामऊ थाना सिंगरामऊ पुलिस द्वारा 02 वारंटी अभियुक्त 1. लालजी पुत्र तुलसी सरोज उम्र करीब 49 वर्ष 2. संदीप पुत्र सुखई सरोज उम्र करीब 33 वर्ष निवासीगण केवटलीखुर्द थाना सिंगरामऊ जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0–2278/07 सरकार बनाम लालजी धारा 323,504 भादवि को गिरफ्तार किया गया। थाना महराजगंज थाना महराजगंज पुलिस द्वारा 03 वारंटी अभियुक्त 1. सुरेश पुत्र बचई निवासी कोवा थाना महराजगंज जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 57/15 धारा 323/504 भा0द0वि0 2. भगेलू बिन्द पुत्र जोगी बिन्द निवासी मजीठी थाना महराजगंज जनपद जौनपुर सम्बन्धित एसटी नं0 419/03 धारा 3(1) यू.पी. गैगेस्टर एक्ट 3. आयोग्य नारायण पुत्र भगौती प्रसाद निवासी अटरा थाना महराजगंज जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 588/21 धारा 323/504 भा0द0वि0 को गिरफ्तार किया गया। थाना सुजानगंज थाना सुजानगंज पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त सुरेशचन्द्र पुत्र रामचन्दर निवासी मोहरियाव थाना सुजानगंजजौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 11656/20 धारा 323/506/504 भादवि को गिरफ्तार किया गया । थाना मछलीशहर थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा 06 वारंटी अभियुक्त 1. सुरेश चन्द्र पुत्र सुखराज निवासी जहांसापुर थाना म0शहर, जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 325/20 धारा 4/10 वन संरक्षण अधिनियम 2. संतोष कुमार पटेल पुत्र रामजीत पटेल निवासी मतरी मथुरा फुटहा थाना मछलीशहर जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 393/20 धारा 323/504 भा.द.वि. 3. अरविन्द पटेल पुत्र राममूरत पटेल निवासी मतरी मथुरा फुटहा थाना मछलीशहर जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 393/20 धारा 323/504 भा.द.वि. 4. उमापति दूबे पुत्र महेन्द्र दूबे निवासी घघरिया फुटहा थाना मछलीशहर जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 12412/20 धारा 323/504/506/427 भा.द.वि. 5. कुर्बान पुत्र गनी निवासी पूराफहुई कस्बा व थाना मछलीशहर जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 420/19 धारा 147/323/504/452 भा.द.वि 6. धर्मराज पुत्र राजकरन निवासी तिलौरा थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 14439/20 धारा 323/504/506 भा.द.वि. को गिरफ्तार किया गया। थाना मुगराबादशाहपुर थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा 03 वारंटी अभियुक्त 1. सुशील उर्फ चन्दन उर्फ पिन्टू पुत्र अरुण कुमार उर्फ रामहित यादव निवासी अहमदपुर कैथौली थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर संबन्धित मु0अ0सं0– 59/20 धारा 323/504/506/354 भादवि व 3(2)5ए SC/ST ACT थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर 2. राजनरायन पाण्डेय पुत्र कामता प्रसाद निवासी हैदरेपुर थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर । संबन्धित मु0अ0सं0–1086/17 धारा 323/504 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर 3. मातादीन यादव पुत्र भगौतीदीन निवासी हलऊकापुरा तरहटी थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर संबन्धित मु0अ0सं0–1751/19 धारा 323/325/504 भादवि मुगराबादशाहपुर जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना मीरगंज थाना मीरगंज पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्ता कु0 खुशबू ऊर्फ भानमति पुत्री हरिश्चन्द्र निवासिनी ग्राम रामपुरखुर्द थाना मीरगंज जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0–48/17 धारा 323/504 भादवि को गिरफ्तार किया गया । थाना पवारा थाना पवारा पुलिस द्वारा 03 वारंटी व 01 वांछित अभियुक्त मंगला प्रसाद पुत्र स्व0 रामनाथ पटेल सजई कलाँ पवांरा जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 1362/20 धारा 323/504 भा0द0वि0 2. नरसिंह पुत्र रामजी चौरसिया 3. उमाशंकर पुत्र रामराज चौरसिया निवासीगण सरायबीका थाना पवांरा जनपद जौनपुर सम्न्धित मु0नं0753/16 धारा 325/323/504 भा0द0वि0 को गिरफ्तार किया गया। मु0अ0सं0 25/2022 धारा 354/354घ/452/504/506 भा0द0वि0 थाना पवारा में वाँछित अभियुक्त यशबीर सिंह पुत्र विजय प्रताप सिंह निवासी दुर्गापुर थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 25 वर्ष को आज सुबह पावर हाउस मछलीशहर के पास से मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। थाना मड़ियाहूँ थाना मड़ियाहूँ पुलिस द्वारा 03 वारंटी व 01 वांछित अभियुक्त 1. गौतम पुत्र सन्तुराम ग्राम ताजुद्दीनपुर थाना मड़ियाहूँ जौनपुर 2. धनवान पुत्र मुन्नीराज ग्राम कुम्भ थाना मड़ियाहूँ जौनपुर 3. चन्द्रप्रकाश उर्फ चन्द्रभूषण पुत्र बाबा यादव ग्राम डेढारपुर थाना मड़ियाहूँ जौनपुर को गिरफ्तार किया गया तथा एक वांछित अभियुक्त मु0अ0सं0 21ध22 धारा 323,504,304,308,506 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त संदीप सरोज उर्फ बन्टी पुत्र अजय नाथ सरोज ग्राम सरौना थाना मडियाहूँ जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना रामपुर थाना रामपुर पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्ता कलावती(काल्पनिक नाम) पत्नी हरिशचन्द्र निवासी ग्राम अकरा, थाना– रामपुर, जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 579/20 धारा 323/504 भादवि को गिरफ्तार किया गया । थाना बरसठी थाना बरसठी पुलिस द्वारा 11 वारंटी अभियुक्तों 1. अभि0 संतलाल पुत्र रूरी यादव निवासी चमरहा थाना बरसठी जनपद जौनपुर 2. विजय बहादुर पुत्र चन्द्रिका निवासी कारो गहरपुर थाना बरसठी जनपद जौनपुर 3. अखिलेश पुत्र रामअधार निवासी कारो गहरपुर थाना बरसठी जनपद जौनपुर 4. राजबलि पुत्र नोहरी निवासी बसहरा थाना बरसठी जनपद जौनपुर 5. रामकैलाश पुत्र नोहरी निवासी बसहरा थाना बरसठी जनपद जौनपुर 6. दिनेश उर्फ मुन्ना पुत्र लालमनि निवासी खरगातपुर थाना बरसठी जनपद जौनपुर 7. नीरज पुत्र लालमनि निवासी गहलाई थाना बरसठी जनपद जौनपुर 8. महेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र स्व0 बैजनाथ निवासी गनेशपुर थाना बरसठी जिला जौनपुर 9. सुभाष पाल पुत्र रोकई पाल निवासी सुखलालगंज थाना बरसठी जनपद जौनपुर 10. सुमित्रा देवी पत्नी सुभाष निवासी सुखलालगंज थाना बरसठी जनपद जौनपुर 11. जलेवा देवी पत्नी रोकई निवासी सुखलालगंज थाना बरसठी जनपद जौनपुर। थाना सुरेरी थाना सुरेरी पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त राधेश्याम पुत्र स्व0 रामखेलावन थाना सुरेरी जनपद जौनपुर सम्बंधित धारा 107/116 सीआरपीसी0 माननीय न्यायालय एसडीएम0 मजिस्ट्रेट मडियाहूँ जौनपुर मे जारी वारण्ट में गिरफ्तार किया गया। थाना नेवढ़िया थाना नेवढ़िया पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त समुद्धन उर्फ संतलाल पुत्र हरिराम निवासी पुरेलला थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 1228/18 धारा 323/504/506/325 भादवि को गिरफ्तार किया गया।

## एक तमंचा जिंदा कारतूस के साथ एक अभियुक्त व महराजगंज पुलिस ने तीन वारंटी को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थानाध्यक्ष रमेश कुमार के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के लोहरियांव स्थित शिव मंदिर के पास से चौकी इंचार्ज तेजीबाजार अरविंद सिंह मय पुलिस टीम के साथ गुरुवार रात दस बजे दिनेश हरिजन पुत्र छटकन निवासी गोठवाँ को एक अदद नाजायज तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।इस दौरान पुलिस ने बताया कि उक्त आरोपी पर स्थानीय थाना व पट्टी थाने पर आपराधिक मुकदमा दर्ज था।इसी क्रम में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने शुक्रवार को अलग–अलग गावों से तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किए जाने के क्रम में क्षेत्र के कोबा गांव निवासी सुरेश,मजीठी निवासी भगेलू बिंद व अटरा निवासी आरोग्य नारायण को गिरफ्तार कर चालान कर न्यायालय भेजा गया है।

## वाराणसी में बृजेश सिंह की पत्नी का दावा– अपने घर में बहू को मिलेगी भारी जीत

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी है। दोपहर 12 बजे तक 65 फीसदी से ज्यादा मतदान हो चुका है। वाराणसी में भाजपा से डा. सुदामा पटेल, सपा से उमेश कुमार और जेल में बंद निवर्तमान एमएलसी बृजेश सिंह उर्फ अरुण सिंह की पत्नी व पूर्व एमएलसी अन्नपूर्णा सिंह मैदान में हैं।



अन्नपूर्णा सिंह ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस क्रम में चोलापुर स्थित मतदान केंद्र के बाहर मीडिया से बातचीत में बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि चोलापुर ब्लॉक में मेरा ससुराल है। अपने घर में बहू को ही जीत मिलेगी। उन्होंने कहा कि एमएलसी चुनाव में मेरे परिवार पर यहां की जनता का आशीर्वाद सब दिन बना रहा है।दलगत भावनाओं से हटकर मतदान कर रहे लोग अन्नपूर्णा सिंह ने कहा कि इस बार भी लोग दलगत भावनाओं से हटकर अपने मत का प्रयोग मेरे समर्थन में कर रहे हैं। दावा किया कि इस चुनाव में भी जीत निश्चित है। उनके समर्थन में पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाल बहादुर सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सतीश अंजनी उपाध्याय लोग उपस्थित रहे। यहां यह बता दें कि निवर्तमान एमएलसी बृजेश सिंह चोलापुर ब्लॉक के धौरहरा गांव निवासी हैं। जेल में बंद बृजेश सिंह ने इस बार अपना नामांकन वापस ले लिया और उनकी पत्नी पूर्व एमएलसी अन्नपूर्णा सिंह निर्दल प्रत्याशी के दौर पर मैदान में हैं। इस बार धौरहरा परिवार के वर्चस्व को मिली है चुनौती स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी पर पिछले 24 साल से कब्जा जमाए बैठे धौरहरा परिवार को इस चुनाव में चुनौती मिली है। उधर, भाजपा के सामने वाराणसी जैसी प्रतिष्ठापरक सीट पर इस चुनाव में अपनी प्रतिष्ठा की लड़ाई है। सपा भी अपनी खोई जमीन यहां तलाशने में जुटी है। सेंट्रल जेल में बंद निवर्तमान एमएलसी बृजेश सिंह के बड़े भाई उदयभान सिंह उर्फ चुलबुल सिंह एमएलसी सीट पर वर्ष 1998 में एमएलसी बने। दो बार एमएलसी चुने गए और पंचायत चुनाव में उनका दबदबा जगजाहिर ही है। इसके बाद वर्ष 2010 में बृजेश सिंह की पत्नी अन्नपूर्णा सिंह बसपा के टिकट से इस सीट पर एमएलसी बनी। इसके बाद वर्ष 2016 में बृजेश सिंह मैदान में उतरे तो भाजपा ने उन्हें समर्थन दिया और उनके खिलाफ कोई प्रत्याशी नहीं उतारा। हालांकि इस बार भाजपा ने प्रत्याशी उतारकर बृजेश सिंह को वॉकआउट देने से इनकार कर दिया। ऐसे में अब परिणाम पर सबकी निगाह टिकी है।

## इस रविवार से हर पीएचसी पर लगेगा 'मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला'

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोविड–19 संक्रमण पर नियंत्रण पाने के साथ ही शासन ने एक बार फिर से 'मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले' के आयोजन का निर्णय लिया है। इस क्रम में जनपद में इस रविवार यानि 10 अप्रैल से प्रत्येक रविवार को सभी नगरीय एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) पर 'मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला' आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश अमित मोहन प्रसाद ने सभी आला अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह ने बताया कि कोविड के कारण इसी साल जनवरी से सीएम आरोग्य मेला स्थगित कर दिया गया था जो अब फिर से 10 अप्रैल से शुरू किया जा रहा है। शासन से मिले निर्देशानुसार आरोग्य मेले में कोविड–19 रोकथाम एवं नियंत्रण प्रोटोकॉल का अनुपालन निश्चित रूप से कराया जाएगा। प्रत्येक स्वास्थ्य मेले में कोविड हेल्प डेस्क अनिवार्य रूप से स्थापित की जाएगी। मेला परिसर में प्रवेश करने से पहले सभी की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके पश्चात मास्क एवं सेनिटाइजर की अनिवार्य रूप से उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। डॉ लक्ष्मी सिंह ने बताया कि एक ही छत के नीचे स्वास्थ्य से जुड़ी प्रत्येक सुविधा, जांच आदि के उद्देश्य से समस्त पीएचसी पर हर रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गए हैं । उन्होने जनमानस से अपील की है कि अपने क्षेत्र में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में प्रदत्त स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाएँ। मेला परिसर में शारीरिक दूरी बनाए रखने के लिए दो गज की दूरी व मास्क का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा। जिले की 76 अति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगेगा आरोग्य मेला – इस संबंध में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा प्रभारियों को दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं द्य यह मेला जिले के 76 अति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा जिनमें से 73 ग्रामीण और तीन शहरी क्षेत्र के हैं। हर रविवार को यह मेला चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से आयोजित किया जाएगा । इसमें चिकित्सा शिक्षा, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग एवं आयुष विभाग की भी सेवाएँ दी जाएंगी । मेले में प्रवेश द्वार पर भीड़ को नियंत्रित करने एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र आदि स्वैछिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा। मेले में मिलेंगी यह सुविधाएं – मेले में आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड, गर्भावस्था एवं प्रसव कालीन परामर्श, संस्थागत प्रसव संबंधी जागरूकता, जन्म पंजीकरण परामर्श, नवजात शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा परामर्श एवं सेवाएं, बच्चों में डायरिया एवं निमोनिया की रोकथाम, बचाव एवं उपचार की जानकारी, बच्चों का नियमित टीकाकरण, परामर्श एवं सेवाएं, परिवार नियोजन संबंधी परामर्श एवं सुविधाएं विशेषकर अंतरा–छाया आदि, टीबी, मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया, कुष्ठ रोग से संबन्धित जानकारी, आवश्यक जांच एवं उपचार की निःशुल्क सेवाएँ दी जाएंगी द्य मेले में कोविड–19 प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन किया जायेगा। जिन जाँचों को पीएचसी स्तर पर करना संभव नही है, उन्हें उच्चस्तरीय सरकारी चिकित्सा इकाइयों में रेफर किया जाएगा।

## नाजायज तमंचा .315 बोर मय कारतूस के साथ एक अभियुक्त को थाना महराजगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के आपराधिक कार्य की रोकथाम, गिरफ्तारी, बरामदगी तथा अनावरण हेतु शेष अभियोगो के अनावरण के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल पर्यवेक्षण, निर्देशन में थानाध्यक्ष रमेश कुमार थाना महराजगंज जनपद जौनपुर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के लोहरियाव ग्राम में शंकर मन्दिर के पास से अभियुक्त दिनेश हरिजन पुत्र छटकन निवासी गोठवां थाना महराजगंज जनपद जौनपुर को एक नाजायज तमंचा .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस के साथ दिनांक 07.04.2022 समय 22.05 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी / वरामदगी के सम्बंध में मु0अ0सं0 43/2022 धारा 3/25 ।. ।बज पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त 1. दिनेश हरिजन पुत्र छटकन निवासी गोठवां थाना महराजगंज जनपद जौनपुर आपराधिक इतिहास 1. 43/2022 धारा 3/25 ।. ।बज थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 2. 06/20 धारा 307/411/413 भा0द0वि0 3. 56/20 धारा 3,2 गैगेस्टर अधि0 4. 5/20 धारा 380/457 भा0द0वि0 5. 9/20 धारा 379 भा0द0वि0 6.




245/19 धारा 379 भा0द0वि0 थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ 7. 243/19 धारा 379 भा0द0वि0 8. 508/18 धारा 147/307/498ए/506 भा0द0वि0 9. 343/18 धारा 380 भा0द0वि0 बरामदगी– एक नाजायज तमंचा .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस गिरफ्तारी टीम – 1. उ0नि0 रमेश कुमार दृ थानाध्यक्ष थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 2. उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार सिंह दृ चौकी प्रभारी तेजीबाजार थाना महराजगंज जौनपुर 3. का0 ईश्वर कुमार दृ थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 4.का0 अजीत कुमार दृ थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 5. का0 हरेन्द्र राजभर दृ थाना महराजगंज जनपद जौनपुर।

## 15 अप्रैल को सपरिवार विशेष ट्रेन से आएंगे : उपराष्ट्रपतिमंदिरों में करेंगे दर्शन–पूजन

वाराणसी ब्यूरो : उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू 15 अप्रैल को सपरिवार विशेष ट्रेन से दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आएंगे। यहां उपराष्ट्रपति बाबा विश्वनाथ, काल भैरव मंदिर, संकटमोचन मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे साथ ही क्रूज द्वारा गंगा आरती भी देखेंगे। इस बाबत जिला, रेल और मंदिर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रशासन के मुताबिक उपराष्ट्रपति लखनऊ, अयोध्या और काशी के भ्रमण के लिए 14 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। वह दिल्ली से विशेष विमान से लखनऊ पहुंचेंगे। अयोध्या में वह रामलला तथा 15 को वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन करेंगे। वह स्पेशल ट्रेन से आएंगे, जिसमें उनका सैलून होगा। उपराष्ट्रपति 15 अप्रैल को दोपहर बाद बनारस स्टेशन पर पहुंचेंगे। यहां से बरेका गेस्ट हाउस में विश्राम करेंगे। शाम को



वह क्रूज से गंगा आरती देखेंगे। इसके बाद काशी विश्वनाथ धाम व कालभैरव मंदिर जाएंगे। 16 अप्रैल को नई दिल्ली जाएंगे। उपराष्ट्रपति की वाराणसी यात्रा के मद्देनजर रेलवे प्रशासन सतर्क मोड में हैं। बनारस और कैंट स्टेशन पर तैयारियों को मुकम्मल किया जा रहा है।

## कातिल सिपाही के खुल रहे बड़े राजः सरकारी पिस्टल के साथ ड्यूटी से था फरार, सामने आया पिता–पुत्र की हत्या का खौफनाक सच

शामली ब्यूरो : शामली जनपद के कांधला में हुई पिता–पुत्र की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी अर्जुन का चालान कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का दावा है कि उसके पास से अवैध पिस्टल और मृतक भूपेंद्र की बाइक बरामद हुई है। पुलिस की अभी तक हुई पूछताछ में यह सामने आया है कि सिपाही विक्रांत को यकीन हो गया था कि भूपेंद्र को छोटे भाई की नौकरी के लिए दी रकम अब नहीं मिलेगी। जिसके चलते उसने इस वारदात को अंजाम दिया था। मेरठ के कंकरखेड़ा की न्यू सैनिक विहार कॉलोनी निवासी भूपेंद्र पुत्र बिजेंद्र और उसके पुत्र अर्जुन की कांधला थाना क्षेत्र के मखमूलपुर गांव में बंधक बनाकर मारपीट करने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दोनों के शव सल्फा गांव के जंगल में पड़े मिले




थे। इस मामले में भूपेंद्र की मां सुरेश देवी की तहरीर पर मखमूलपुर निवासी यूपी पुलिस के सिपाही विक्रांत, भाई अर्जुन, पिता विरेंद्र, मां मुद्रेश पत्नी शिवानी और साथी मोनू के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वारदात के पीछे अर्जुन की नौकरी लगवाने के लिए भूपेंद्र को करीब तीन साल पहले दिए रुपये को लेकर विवाद सामने आया था। इस मामले में आरोपी विरेंद्र को छोड़कर बाकी सभी पुलिस की गिरफ्त में आ गए हैं। शुक्रवार को पूछताछ करने के बाद आरोपी अर्जुन का पुलिस ने चालान कर दिया। जबकि बाकी आरोपियों से पूछताछ अभी जारी है।

# चैत्र नवरात्रि व राम नवमी के पर महिला पुलिस कर्मियो की चप्पे चप्पे पर नजर – निशा शुक्ला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वासंती नवरात्रि व चैत्र रामनवमी के मद्देनजर जिला व पुलिस प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है इस मौके पर पुलिस की चप्पे–चप्पे पर निगाह टिकी हुई है और इस दौरान राम नगरी अयोध्या आने वाले सभी लोगों की सघन चेकिंग भी पुलिस करती दिख रही है यहां तक की अयोध्या रेंज के तेजतर्रार आईजी कविंद्र प्रताप सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या शैलेश कुमार पांडे अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के साथ खुद वाहन चेकिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं इसी कड़ी में अयोध्या जनपद के प्रमुख मंदिरों पर महिला पुलिस भी काफी सक्रिय है इसकी बागडोर आईजी रेंज अयोध्या के पी सिंह एसएसपी अयोध्या शैलेश कुमार पांडे के दिशा निर्देश पर महिला थाना प्रभारी अयोध्या निशा शुक्ला संभाली हैं एक खास मुलाकात में महिला थाना प्रभारी निशा शुक्ला ने बताया के शासन व पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश के अनुसार कार्य करना उनकी प्रथम प्राथमिकता है उन्होंने बताया कि इस समय चौत्र नवरात्रि के साथ–साथ राम नगरी अयोध्या में आयोजित होने वाले चौत्र रामनवमी के मद्देनजर महिला पुलिसकर्मी काफी सतर्क है। इस मौके पर उन्होंने बताया के जहां एक और प्रमुख मंदिरों मैं चौत्र नवरात्र के अष्टमी पर्व होने पर सिविल व महिला पुलिसकर्मी चप्पे–चप्पे पर तैनात रहेंगी वही इसी कड़ी में रविवार को राम नगरी अयोध्या मैं आयोजित चैत्र रामनवमी पर्व पर महिला पुलिस की तैनाती



रहेगी जिनकी निगाहें इस दौरान सक्रिय अराजक तत्वों पर रहेगी देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र के साथ–साथ नवभारत चेतना न्यूज चौनल के माध्यम से उन्होंने इस दौरान आने वाले श्रद्धालुओं से अपील किया है के सभी लोग अपने अपने सामानों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखें और कोशिश यही करें कि इस मौके पर वे ज्वेलरी पहन कर ना आए इस मौके पर श्रद्धालुओं से यह भी अपील किया कि अगर उन्हें कोई कष्ट होती है या किसी पर कोई शक होता है तो बेहिचक वहां पर तैनात पुलिसकर्मियों से कहें देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र के साथ–साथ नवभारत चेतना न्यूज चैनल के माध्यम से उन्होंने सभी लोगों को चैत्र नवरात्रि व चैत्र रामनवमी की हार्दिक बधाई दिया।

# थाना हैदरगंज क्षेत्र में सिपाही से सरकारी रायफल व बाइक लूट मामले में खुद कमान सम्भाली एसएसपी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के थाना हैदरगंज क्षेत्र में सरेराह बाइक सवार लुटेरों ने सिपाही की कनपटी पर असलहा लगाकर उसकी सरकारी रायफल व बाइक लूट ली।इस घटना के बाद सिपाही मूकदर्शक बना रहा और लुटेरे हवा में असलहा लहराते हुए फरार हो गए।सूत्र के मुताबिक हैदरगंज पुलिस द्वारा सूचना मिलते ही जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को दी गई। घटना के कुछ ही देर में कई थानों की पुलिस क्राइम ब्रांच टीम स्वाटटीम के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर क्षेत्र के जंगलों तथा खेत खलिहानों में खाक छानते नजर आए।वही चर्चा है कि रायफल किसी बाग में मिली है। परन्तु इसकी किसी ने पुष्टि नहीं की।साथ में स्थानीय कस्वों व बाजारों में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया।इस घटना को लेकर क्षेत्र में आए दिन हो रही सड़कों पर ऐसी वारदातों से क्षेत्रवासि सहित राहगीरों में भय व दहशत व्याप्त है।इस घटना थाना हैदरगंज क्षेत्र के कटौना में बरसों पहले हुए आशीष वर्मा हत्याकांड में मृतक के पिता शेर बहादुर वर्मा को मिले सुरक्षाकर्मी भास्कर के साथ शुक्रवार की सुबह लगभग 6:00 बजे की है। सुरक्षा में लगा सुरक्षाकर्मी सुबह कटौना से हैदरगंज थाने जा रहा था।वही रास्ते में तारुन हैदरगंज मार्ग पर पांडे का पूरा गांव के पास पहले से मौजूद अज्ञात पल्सर सवार तीन युवकों ने उसकी बाइक को रुकवा कर असलहा सटाकर बाइक व सरकारी राइफल लूटकर भाग निकले। लुटेरे अपने मुंह को गमछे से बांध रखे थे और तीन की संख्या में थे।घटना के बाद सिपाही मूकदर्शक व आवाक बना रहा।इसके बाद बाइक व लुटेरों की खोजबीन शुरू हो गई।इसकी कमान जिले के युवा व तेज तर्रार





वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडे ने अपने हाथ में लेकर एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर, एएसपी प्लास बंसल, पुलिस क्षेत्राधिकारी बीकापुर सत्येंद्र भूषण तिवारी के अलावा थानाध्यक्ष महाराजगंज सुनील सिंह, थाना अध्यक्ष तारुन के साथ साथ क्राइम ब्रांच के प्रभारी रतन शर्मा ,थानाध्यक्ष हैदरगंज राजेश मिश्रा आदि भारी पुलिस फोर्स के साथ बिशुन बाबा का जंगल , तिवारी का पुरवा, पांडे का पुरवा ,मयन्दीपुर आदि जंगलों व खेत खलिहान में खोजबीन करने में लगे रहे।परंतु 12:00 बजे तक कोई सुराग नहीं लग सका इसी के साथ जाना बाजार ,हैदरगंज बाजार में दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगालने में पुलिस जुट गयी ।इस संबंध में पूछे जाने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडे ने कहा कि इस घटना को चुनौती के रूप में मानकर घटना के खुलासे के लिए पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।लूट की घटना के खुलासे के लिए टीमें बना दी गई है शीघ्र खुलासा कर दिया जाएगा पुलिस खुलासे के लिए कार्यवाही में जुटी हुई है।

## पीड़ित के मुताबिक नवनिर्मित भवन दिखाकर की गई नौकरी के नाम पर वसूली

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)जिला महिला अस्पताल में नवनिर्मित भवन को दिखाकर ही नौकरी दिलाने के नाम पर वसूली का सिलसिला आरंभ हो गया था इस जालसाजी में कई और जिम्मेदार के शामिल होने की बात सामने आ रही है।यह दावा कोई और नही बल्कि खुद वसूली करने वाला कर्मी पीड़ित युवक से बात करने के दौरान कर रहा है उसके बाद भी विभागीय जिम्मेदार आगे आने से से कतरा रहे हैं महिला अस्पताल में तैनात रौनाही थाना क्षेत्र के नीमच गांव निवासी जमीर खान पीपी अटेंडेंट वार्ड में मरीज की देखरेख का कार्य करने के पद पर तैनात है उसने वर्ष 2018 में अस्पताल परिसर में 100 शैय्या भवन निर्माण के दौरान लोगों को दर्जनों क्लर्क की जगह निकलने की जानकारी दी जमीन की बात सुनकर जिले के ही 5 से अधिक युवक–युवतियों उसके झांसे में आ गए और नौकरी पाने के लिए लाखों रुपए दे दिए रुपए देने के बाद जब वर्षों तक किसी की नियुक्ति नहीं हुई तो लोगों ने उस पर नौकरी दिलाने या रुपए वापस करने का दबाव बनाना आरंभ कर दिया इस बीच जमीर ने ग्रुप में शामिल अन्य लोगों की मदद से निदेशक नरसिंह चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से लेकर अस्पताल के सीएमएस के दशक अथवा मोहर लगी एक फर्जी सूची जारी कर दी सूची में महिला चिकित्सालय अयोध्या में 6 बस्ती के चार के अलावा गाजीपुर अमरोहा एवं चित्रकूट के महिला अस्पताल में युवक–युवतियों की तैनाती दी गई उसके बाद भी किसी की जॉइनिंग ना होने पर सूची फर्जी साबित हुई इसका खुलासा पूरा कलंदर के सिर नरसिंहपुर गांव निवासी बानो की ओर से अपने भाई चांद की नौकरी के लिए रुपए की जानकारी सीएमएस को देने एवं जहीर खान की तरफ से अधिकारियों के नाम लेने से हो रहा है इसके बाद भी जिम्मेदार जांच कर प्रकरण की गहराई तक जाने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं।

# मां ने डांटा तो 9वीं क्लास की छात्रा ने लगा ली फांसी : मौत के बाद पुलिस के सामने आई हैरान कर देने वाली सच्चाई

आगरा ब्यूरो : थाना न्यू आगरा के मऊ रोड स्थित कृष्णापुरम कॉलोनी में 15 वर्षीय कक्षा नौ की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार वाले छात्रा को तुरंत अस्पताल लेकर गए, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस का कहना है कि उसके पास मोबाइल मिलने पर मां ने डांट लगा दी थी। इससे क्षुब्ध होकर ही उसने आत्मघाती कदम उठाया है। थाना अध्यक्ष न्यू आगरा अरविंद निर्वाल ने बताया कि मृतका 15 वर्षीय कक्षा नौ की छात्रा है। शनिवार सुबह 9:30 बजे उसने घर में पंखे से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंची। परिजनों से पूछताछ में पता चला कि छात्रा के पास मोबाइल था। पुलिस ने बताया कि इस बारे में छात्रा की मां को पता चल गया था। इस पर उन्होंने उसकी डांट लगा दी। इस वजह से उसने घर में फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को पता चला तो वह उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। छात्रा की मां की कॉस्मेटिक की दुकान है। उसके दो भाई मजदूरी करते हैं। वहीं एक अन्य घटना में न्यू आगरा के नगला पदी स्थित नई आबादी में 21 वर्षीय धनंजय तिवारी ने शुक्रवार रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह बीटेक चतुर्थ साल का छात्र था। पुलिस आत्महत्या का कारण पता कर रही है। परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# राम नगरी अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण को लेकर हरकत में आई एनएसजी सुरक्षा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी अयोध्या में हो रहे राम जन्मभूमि परिसर में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण की तैयारी है। अगले 3 माह के बाद मंदिर का गर्भगृह अपना आकार लेने लगेगा। लेकिन इसके साथ ही परिसर की सुरक्षा को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार की चिंताएं भी बढ़ गई है। इसके लिए अब देश की सबसे बड़ी सुरक्षा एजेंसी एनएसजी की भी हरकत तेज हो गई है।वही शुक्रवार को एनएसजी के अधिकारिय ने लगभग 10 घण्टे में श्री राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा का निरीक्षण के बाद घण्टों तक उच्च अधिकारियों के साथ मंथन भी किया है।वही उनकी की टीम ने राम जन्मभूमि परिसर का भ्रमण किया।देश की सबसे बड़ी सुरक्षा एजेंसी नेशनल सुरक्षा गार्ड की टीम असिस्टेंट कमांडेंट स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में लगभग एक बजे राम जन्मभूमि परिसर पहुंची। और लगभग 4:00 बजे तक पूरी टीम राम जन्मभूमि परिसर का भ्रमण किया और सुरक्षा संबंधित जानकारी ली।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एनएसजी की टीम ने श्री राम जन्मभूमि परिसर में मौजूदा सुरक्षा प्लान, एंट्री और एग्जिट प्वाइंट, मंदिर निर्माण के लिए आने वाली सामग्री के



साथ मौजूद लोगों और वाहनों की चेकिंग प्रणाली, बीआईपी दर्शन मार्ग और वहां की सुरक्षा, परिसर के आसपास बसी आबादी के साथ परिसर के इर्द–गिर्द मार्गो और वहां की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी मानचित्र के जरिए समझने की कोशिश की गई। इस दौरान राम जन्मभूमि परिसर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के साथ परिसर के एसपी सुरक्षा व सीआरपीएफ, पीएससी के अधिकारियों के साथ संपर्क भी किया है।

## जिलाधिकारी ने राम नवमी मेला तैयारी व्यवस्था को लेकर किया निरीक्षण

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)रामनवमी मेले के दृष्टिगत बेहतर ढंग से आयोजन करने हेतु जिलाधिकारी नितीश कुमार ने सुविधापूर्ण सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत मेला क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थलों का नगर आयुक्त विशाल सिंह के साथ भ्रमण किया। समस्त तैयारियों को अंतिम रूप देने, इस दौरान मेला क्षेत्र में बनाये गये शौचालय, पेयजल हेतु वाटर कूलर की क्रियाशीलता, साफ सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। अधिकारियों द्वारा पर्यटन विभाग द्वारा बनाये गये शौचालय यथा हनुमान गुफा के पास नवनिर्मित शौचालय, रामेश्वरम होटल के सामने नवनिर्मित शौचालय आदि का जायजा लिया तथा पर्यटन विभाग द्वारा बनाये गये समस्त 17 शौचालयों को प्रत्येक दशा में आज ही क्रियाशील करने का निर्देश दिया। नयाघाट से लेकर पीएनबी मोड़ होते हुये रेलवे स्टेशन अयोध्या के पास स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालय का भी निरीक्षण किया। मेले के दृष्टिगत समस्त शौचालयों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक शौचालय पर पर्याप्त पानी की व्यवस्था, शौचालय कर्मी की व्यवस्था करने हेतु नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया। सार्वजनिक सुलभ शौचालय पर सूचना एवं रेट बोर्ड भी लगाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी, नगर आयुक्त द्वारा अगले चरण में पौराणिक स्थल की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान मणिपर्वत का भी निरीक्षण किया वहां पर बेहतर साफ सफाई करने, सुविधा प्रदान करने, सुरक्षा सम्बंधी आवश्यक व्यवस्था बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त के अलावा अपर नगर आयुक्त सच्चिदानन्द, सहायक नगर आयुक्त हरिश्चन्द्र सिंह, उपनिदेशक सूचनाध्प्रभारी मुख्यमंत्री मीडिया परिसर डा0 मुरलीधर सिंह, उपनिदेशक पर्यटन, सहायक नगर आयुक्त सहित राजकीय निर्माण निगम, पीडब्लूडी, नगर निगम के अनेक अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा प्रचार प्रसार के लिए आम जनमानस की सुविधा एवं मनोरंजन के दृष्टि को ध्यान में रखते हुये सूचना निदेशालय से प्राप्त होर्डिंग्स आदि को लगाने हेतु बेहतर व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया, जिससे कि रामनवमी के त्यौहार को आम जनमानस में बेहतर ढंग से दिखाया जा सकें। इसके लिए अभी शहर में लगभग 26 की संख्या में एलईडी वाहनध्डिस्प्ले बोर्ड लगाये गये है। इन पर राज्य सरकार के विकास कार्यक्रमों के साथ भगवान राम के चरित्र पर आधारित कार्यक्रमों आदि कोई प्रसारण करने का भी उपनिदेशक सूचना से अपेक्षित कार्यवाही करने को कहा तथा यह भी कहा कि अष्टमी से लेकर नवमी तक व्यापक मेले में भीड़ रहेगी इस भीड़ को मनोरंजन हेतु एवं निकासी हेतु आवश्यक व्यवस्थायें किया जाय एवं आदि जो पुलिस विभाग द्वारा ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है उसको आज रात्रि 10 बजे से समयबद्वता के साथ अमल में लाया जाय।जिलाधिकारी ने सामान्य प्रशासन, नगर विकास, स्वास्थ्य, पुलिस प्रशासन एवं आवश्यक सेवा प्रदाता विभागों से विभाग के मौके पर तैनात अधिकारियों से बेहतर ताल–मेल एवं समन्वय बनाने के भी निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मेला के सम्बंध में पत्रकारों द्वारा सूचना मांगी जा रही हो तो सम्बंधित विभाग के में अधिकारी जैसे नगर निगम, स्वास्थ्य, पुलिस विभाग आदि विभागों के अधिकारी मीडिया को सीधेने एवं उपनिदेशक सूचना के माध्यम से उपलब्ध करायें जिससे आम जनता में मेले के प्रति पूर्ण रूप से सूचनाओं की जानकारी हो सकें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में 40 वर्षीय महिला का फांसी के फंदे से लटकता मिला शव

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के रुदौली कोतवाली अंतर्गत ऐहार गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का कमरे के अंदर बांस बल्ली के सहारे दुपट्टे से संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता हुआ शव मिला । जानकारी के अनुसार रूदौली कोतवाली के ग्राम ऐहार में एक महिला अपने दो बच्चों के साथ रहती थी । दो दिन पूर्व उसके पति रोजी रोटी कमाने के सिलसिले में सूरत चले गए थे । बुधवार को दिन में लगभग 10:00 बजे महिला ने अपने बड़े लड़के शिवा से नहाने के लिए पानी भरने को कहा शिवा पानी भर कर के बाहर चला गया । कुछ समय बाद जब वह वापस आया तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था लड़के ने आवाज लगाई। किसी तरह जब वह कमरे में दाखिल हुआ देखा उसकी मां का शव दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। उसने अपने चाचा के साथ मिलकर शव को नीचे उतारा।ग्रामीणों ने घटना की पुलिस को दी । सूचना के कई घंटे बाद हल्का प्रभारी चन्द्र शेखर व पुलिस क्षेत्राधिकारी रूदौली सुरेन्द्र प्रताप तिवारी घटना स्थल पर पहुचे। सूत्रों की माने तो पुलिस इस मामले में 3 घंटे तक लीपापोती करती रही ग्रामीणों के नाराजगी पर शव का पीएम के लिए भेजा गया। इस सम्बन्ध में सीओ एस पी तिवारी ने बताया कि अनीसा पत्नी रामतेज 40 वर्ष का शव कमरे में दुपट्टे के सहारे लटकता हुआ मिला था।पंचनामा करके पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।

## मस्जिद पर माइक लगाकर अजान का प्रावधान अनुचित : एमएलसी चुनाव में पहुंचे थे मतदान करने –सांसद साक्षी महाराज

उन्नाव ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने शनिवार को अजान विवाद पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि शहर के बीचोंबीच मस्जिद पर बहुत बड़ा माइक लगाकर जो अजान का प्रावधान रखा गया है, वह सर्वथा अनुचित है। बता दें कि नगर पालिका परिषद में बने मतदान केंद्र पर एमएलसी चुनाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे सांसद साक्षी महाराज ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सभी सीटें जीत रही है। मोदी के विकास व योगी के बुलडोजर की जीत है। लाउडस्पीकर पर अजान संबंधी सवाल पर सांसद ने कहा कि यह अनुचित है। अजान पर विवाद व्यर्थ का है। ध्वनि प्रदूषण को लेकर छात्र, संभ्रांत नागरिक मंदिर में लाउडस्पीकर व भागवत कथा पर विरोध दर्ज कराते हैं। मैं देशभर में जाता हूं इसलिए मुझे पता है। उन्होंने कहा कि किसी की नींद में किसी को पढ़ाई में व्यवधान होता है। ये विवाद का विषय नहीं है। जनहित में जो आवश्यक है, वो ही होना चाहिए। कर्नाटक सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि निर्धारित आवाज की बाध्यता हुई है। इस मामले में बहस होगी और कोई परिणाम निकलेगा। वहीं, मंदिरों में लाउडस्पीकर लगाकर हनुमान चालीसा होने के मामले सामने



आने पर कहा कि मुझे लगता है यह प्रतिस्पर्धा है। अगर उसका प्रतिबंध नहीं लगता है, तो प्रतिस्पर्धा रूप में अजान को रोकने का प्रयास है। जब अजान बंद हो जाएगी, तो हनुमान चालीसा भी बंद हो जाएगी। दोनों लोगों को रोकना है, जो भी निर्णय सरकार करेगी। संविधान और सरकार से बड़ा कोई व्यक्ति नहीं होता है। कानून का पालन करना सब का परम धर्म बन जाता है। कानून का पालन कराना पुलिस थाना सरकार का काम होता है। सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के भाजपा में आने पर सवाल पर सांसद ने कहा कि इस बारे में पार्टी संगठन जाने या शिवपाल सिंह यादव जानें। कहा कि अगर कोई घटना घटेगी, तो मैं साक्षी ही रहूंगा।

## अब बेटियां भी तलाक का वाद दाखिल करने पर होंगी पेंशन की हकदार

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) यूपी सरकार के सरकारी सेवक/पेंशनर्स या उसकी पत्नी–पति के जीवनकाल में तलाक का वाद सक्षम न्यायालय में दायर होने पर भी तलाकशुदा पुत्री पारिवारिक पेंशन की हकदार होगी। भले ही तलाक संबंधित के निधन के पश्चात हुआ हो। तलाक की तिथि से पेंशन का लाभ मिलेगा।वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरतन कुमार ने इस आशय का शासनादेश गुरुवार को जारी किया है। अभी तक यह व्यवस्था प्रदेश में नहीं थी। इस शासनादेश के जारी होने से तमाम तलाकशुदा महिलाएं (बेटियां) जो पारिवारिक पेंशन के लिए सरकारी दफ्तरों का चक्कर काट रही हैं, उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। पारिवारिक पेंशन निर्धारित होने पर उनका जीवन आसान हो जाएगा।

## पूर्ति निरीक्षक की लापरवाही से नहीं हो पा रहा है राशन वितरण का कार्य

अयोध्या।(डाक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)जिले के मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षक की उदासीनता के चलते तहसील क्षेत्र के अधिकांश कोटेदार बेलगाम हो गए हैं।यह आरोप पीड़ित ग्रामीणो ने लगाया है।पीड़ित ग्रामीणो के आरोप के मुताबिक ग्राम सभा के मौजूदा कोटेदार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली राशन की समय से वितरण न करके मात्र 1 दिन में 2 घंटा वितरण करके उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है।इधर मार्च माह के राशन वितरण की नियमित तिथि 10 अप्रैल निर्धारित की गई अभी दर्जनभर उपभोक्ताओं का अंगूठा तक नहीं लगा है कोटेदार द्वारा उपभोक्ताओं से यह कहा जाता है कि आज आना कल आना सुबह आना शाम आना अभी मशीन चार्ज नहीं है इससे यह प्रतीत होता है कि कोटेदार राजनीति से प्रेरित होकर यह कार्य कर रहा है अगर जांच कराई जाए तो सच का सच झूठ का झूठ साबित हो सकता है लेकिन इन उपभोक्ताओं को कैसे राशन मिलेगा यह यक्ष प्रश्न है।

## 24 वर्षीय युवक ने आम के बाग में रस्सी से फंदा लगाकर की आत्महत्या

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के कुमारगंज थाना अंतर्गत बिरौली झाम निवासी 24 वर्षीय युवक ने आम के बाग में रस्सी से फंदा लगाकर किया आत्महत्या प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकर पुत्र नंदलाल कोरी आयु 24 वर्ष निवासी बिरौली झाम थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या ने आज दोपहर लगभग 1:30 बजे घर से लगभग 1 किलोमीटर दूरी पर स्थित आम के बाग में लटकता मिला घटना की सूचना थाना अध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह को प्राप्त होने पर लटक के शव को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज वा दिया गया है मृतक युवक नशे का आदी था जिसके चलते आए दिन परिवार में झगड़ा लड़ाई हुआ करती थी थाना अध्यक्ष वीर सिंह ने बताया की अभी तक कोई लिखित तहरीर घटना से संबंधित नहीं मिली है।

## प्लासियो मॉल के पास कार सवारों का हुड़दंग : ताबड़तोड़ फायरिंग

लखनऊ ब्यूरो : कमिश्नरेट के वीआईपी चौराहों में शामिल प्लासियो मॉल के पास गुरुवार रात अवैध असलहों से ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग हुई। यह फायरिंग लग्जरी कार पर सवार प्रॉपर्टी डीलर मनीष तिवारी के जन्मदिन के जश्न में की गई। देर रात तक गश्त का दावा करने वाली पुलिस को इस अंधाधुंध फायरिंग की भनक तक नहीं लगी। शुक्रवार को मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो अधिकारियों ने सवाल–जवाब करना शुरू किया। इस पर आनन फानन मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने देर रात दबिश देकर विभूतिखंड निवासी प्रॉपर्टी डीलर मनीष तिवारी और राजाजीपुरम निवासी नीरज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से अवैध पिस्तौल बरामद हुई है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों को चिह्नित कर लिया गया है। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित इकाना स्टेडियम के पास प्लासियो मॉल है। रोज शाम पांच से रात 12 बजे तक मॉल चौराहे पर युवकों का जमावड़ा होता है। कुछ इसी तरह का जमावड़ा बृहस्पतिवार रात को भी हुआ। लेकिन रात के 12 बजते ही युवकों ने हुड़दंग शुरू कर दिया। दर्जनभर लग्जरी गाड़ियों से पहुंचे युवकों ने अपने साथी को जन्मदिन की बधाई दी। इसके लिए कार की बोनट पर केक काटा, एक–दूसरे को खिलाया। कार से तेज धुन में म्यूजिक भी बज रहा था। इस दौरान एक युवक ने अवैध असलहा निकालकर ताबड़तोड़ कई राउंड हवाई फायरिंग की। जो जन्मदिन की पार्टी के वीडियो में कैद हो गई। शुक्रवार शाम को यह वीडियो अचानक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। यह वीडियो कमिश्नरेट के ट्विटर हैंडल पर टैग किया गया। वीडियो में बीच सड़क पर लग्जरी कार सवार दर्जनों युवक, सड़क पर शोर मचाते हुए कार पर चढ़े हुए दिखे। कुछ लोग हाथ में रिवॉल्वर लिए थे। वीडियो में एक युवक ने असलहा निकाला और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। उधर, पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भी ट्विटर पर भाजपा के 2.0 राज में, यूपी डूबा अपराध में, लिखकर वीडियो टैग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।